पंजाब केसरी 06/02/2026

सड़क सुरक्षा नियम नहीं, जीवन रक्षा का अनुशासन, इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान में भाग लेते विद्यार्थी एवं विशेषज्ञ। (चंदमोहन)

अम्बाला, 5 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाइयों द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्मार्ट रूम में सड़क सुरक्षा गीत एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता वीडियो प्रदर्शित किए गए, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सुरक्षित सड़क व्यवहार के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का अनुशासन एवं संकल्प है, इसलिए इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदार है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें तथा समाज में सड़क सुरक्षा के संदेशवाहक बनें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. सदस्य गीति बिंद्रा द्वारा किया गया और इसमें बड़ी संख्या में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की सामूहिक शपथ के साथ हुआ। यह आयोजन समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है।